**The Speaker made references to the passing away of Shri Kishan Kapoor, Member of the 17th Lok Sabha, Shri Bhagat Ram, Member of 6th Lok Sabha, Shri Kumari Ananthan, Member of 6th Lok Sabha, Dr. Girija Vyas, Member of 10th, 11th, 13th & 15th Lok Sabha, Smt. Minati Sen, Member of 12th, 13th and 14th Lok Sabha, Shri Sukhdev Singh Dhindsa, Member of 14th Lok Sabha, Shri Chhote Singh Yadav, Member of 7th, 9th and 10th Lok Sabha and Shri Anand Singh, Member of 5th, 7th, 8th and 9th Lok Sabha. The Speaker also made reference to the loss of lives of 26 Indians due to terrorist attack in Pahalgam, Jammu & Kashmir on 22 April, 2025. The Speaker also made reference to the loss of 260 lives in the tragic crash of an Air India Flight in Ahmedabad on 12th June 2025. He further made reference to the loss of lives and property due to heavy rainfall, floods and landslides in different parts of the country**

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत दु:ख के साथ अपने आठ पूर्व साथियों के निधन के बारे में सभा को सूचित करना है ।

श्री किशन कपूर हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 17 वीं लोक सभा के सदस्य थे । उन्होंने ऊर्जा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएँ दी ।

इससे पहले श्री कपूर पांच बार हिमाचल प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे और उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्री परिषद् के सदस्य के रुप में भी अपनी सेवाएं दीं ।

श्री किशन कपूर का निधन 01 फरवरी, 2025 को 73 वर्ष की आयु में चण्डीगढ़ में हुआ ।

श्री भगत राम पंजाब के फिलौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी लोक सभा के सदस्य थे । श्री भगत राम का निधन 30 मार्च, 2025 को 82 वर्ष की आयु में कनाडा में हुआ ।

श्री कुमारी अनंथन तमिलनाडु के नगरकोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी लोक सभा के सदस्य थे । श्री अनंथन एक लेखक भी थे और उन्होंने तमिल भाषा में कई पुस्तकें, लेख और कविताएं लिखीं ।

श्री कुमारी अनंथन का निधन 9 अप्रैल, 2025 को 92 वर्ष की आयु में चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ ।

डॉ**.** सुश्री गिरिजा व्यास राजस्थान के उदयपुर संसदीय क्षेत्र से 10 वीं, 11 वीं एवं 13 वीं लोक सभा की सदस्य रहीं । वे राजस्थान के चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र से 15 वीं लोक सभा की सदस्य भी थीं। डॉ. व्यास ने केंद्रीय मंत्री परिषद् के सदस्य के रुप में आवास और शहरी विकास; तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में अपनी सेवाएं दीं । डॉ. व्यास ने विभिन्न संसदीय समितियों के सभापति व सदस्य के रुप में भी अपनी सेवाएं दीं । डॉ. व्यास ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष और 15 वीं लोक सभा के दौरान लोक सभा में सभापति तालिका के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं ।

इससे पूर्व वे राजस्थान विधान सभा की सदस्य रहीं और उन्होंने राजस्थान सरकार के मंत्री परिषद् के सदस्य के रुप में भी कई मंत्रालयों में अपनी सेवाएं दीं ।

डॉ. गिरिजा व्यास का निधन 01 मई, 2025 को 78 वर्ष की आयु में अहमदाबाद, गुजरात में हुआ ।

श्रीमती मिनाती सेन पश्चिम बंगाल के जलपाई-गुड़ी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 12 वीं, 13 वीं और 14 वीं लोक सभा की सदस्य थीं । श्रीमती सेन विभिन्न संसदीय समितियों की सदस्य भी रहीं ।

श्रीमती मिनाती सेन का निधन दिनांक 03 मई, 2025 को 81 वर्ष की आयु में कोलकाता, पश्चिम बंगाल में हुआ ।

श्री सुखदेव सिंह ढींढसा पंजाब के संगरूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौदहवीं लोक सभा के सदस्य थे । वे राज्य सभा के सदस्य भी रहे ।

श्री ढींढसा ने केन्द्र सरकार के मंत्री परिषद के सदस्य के रुप में कई मंत्रालयों में अपनी सेवाएं दीं और वे कई संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे ।

इससे पहले, वे चार कार्यकाल के लिए पंजाब विधान सभा के सदस्य रहे । वे पंजाब सरकार में राज्य मंत्री भी रहे ।

श्री सुखदेव सिंह ढींढसा का निधन 28 मई, 2025 को 89 वर्ष की आयु में मोहाली, पंजाब में हुआ ।

श्री छोटे सिंह यादव, उत्तर प्रदेश के कन्नौज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सातवीं और नौवीं लोक सभा तथा मोहनलालगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दसवीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री यादव विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे ।

श्री छोटे सिंह यादव का निधन 13 जून, 2025 को 83 वर्ष की आयु में लखनऊ, उत्तर प्रदेश में हुआ ।

श्री आनंद सिंह, उत्तर प्रदेश के गोण्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पांचवी, सातवीं, आठवीं और नौवीं लोक सभा के सदस्य थे ।

उन्होंने कई संसदीय समितियों के सदस्य के रूप में कार्य किया । श्री सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं ।

श्री आनंद सिंह का निधन 6 जुलाई, 2025 को 86 वर्ष की आयु में लखनऊ में हुआ ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं । यह सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है ।

माननीय सदस्यगण, दिनांक 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष व्यक्तियों की नृशंस हत्या कर दी गई । आतंकवाद की इस घटना ने पूरे देश की ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व की चेतना को आघात पहुंचाया है । यह सभा उन सभी मृतकों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करती है तथा आतंकवाद के विरुद्ध भारत के ?जीरो टॉलरेंस? के संकल्प को दोहराती है ।

माननीय सदस्यगण, दिनांक 12 जून, 2025 को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया । इस दुर्घटना में कुल 260 व्यक्तियों की असामयिक मृत्यु हो गई, जिनमें विमान में सवार 241 व्यक्ति और 19 अन्य व्यक्ति शामिल थे ।

इसी दुर्घटना में गुजरात राज्य के पूर्व मुख्य मंत्री श्री विजय रूपाणी जी का भी असामयिक निधन हो गया ।

यह सभा इस दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के परिवारों के प्रति अपनी आत्मिक संवेदना व्यक्त करती है ।

माननीय सदस्यगण, देश के विभिन्न हिस्सों में अतिवृष्टि, बाढ़, भू-स्खलन, आदि प्राकृतिक आपदाओं के कारण बड़ी संख्या में जान-माल की हानि हुई है । यह सभा प्राकृतिक आपदाओं के कारण दिवंगत हुए व्यक्तियों के परिवारजनों को अपनी संवेदना प्रकट करती है ।

अब, यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में मौन रहेगी ।

**11.08 hrs**

*The Members then stood in silence for a short while.*

माननीय अध्यक्ष **:** ओम शांति: शांति: शांति: ।

---

**11.09 hrs**